कुलपतियों के सम्मेलन के समापन समारोह में
माननीय राज्यपाल का अभिभाषण

दिनांक 30 सितम्बर 2023, शनिवार	समय : 10:00 AM	स्थान : खानापाड़ा, असम

- असम के माननीय शिक्षा मंत्री श्री रनोज पेगू जी
- असम सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के सलाहकार श्री ननी गोपाल महंत जी
- चांसलर सचिवालय के सलाहकार श्री मिहिर कान्ती चौधरी जी
- अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री बिश्वरंजन समाल जी
- राज्यपाल के आयुक्त एवं सचिव श्री एस.एस मीनाक्षी सुंदरम जी
- राज्यपाल के सचिव
- विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति
- उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशकगण
- उपस्थित राजभवन और उच्च शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों,
- स्वायत्त कॉलेजों और तीन अन्य कॉलेजों, जो जल्द ही विश्वविद्यालय बनने वाले हैं, के के प्राचार्यगण

नमस्कार।

1. यह खुशी की बात है कि असम की सभी उच्च शिक्षण संस्थानों ने NEP 2020 का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है।

मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों ने समानता रखी है।

मेरी जानकारी मे आया है कि कुछ विश्वविद्यालयों ने एक मेजर और एक माइनर रखा है, जबकि कुछ अन्य विश्वविद्यालय दो मेजर और एक माइनर रखा है।

मेरी असम सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से निवेदन है कि वह ऐसी सभी विश्वविद्यालय के साथ बैठक कर इस समस्या के समाधान नकालें ताकि मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट समान रूप से लागू हो सके।

2. व्यावसाक उन्मुख पाठ्यक्रमों को खोलने की आवश्यकता है।

3. भारतीय ज्ञान प्रणाली में अध्ययन एवं शोध को सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शीघ्र प्रारंभ करने की आवश्यकता है।

4. सभी तरह के पाठ्यक्रमों में क्रेडिटाइजेशन प्रणाली भी शीघ्र लागू करने की आवश्यकता है।

5. स्नातक कार्यक्रम के चौथे वर्ष में शोध प्रारंभ किए जाने की व्यवस्था की जानी है।

6. संस्थागत विकास योजना सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के स्तर पर तथा सभी ऑटोनॉमस महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों से शीघ्र तैयार कर दुर्गा पूजा के अवकास से पहले चांसलर सचिवालय तथा असम सरकार के उच्च शिक्षा विभाग को आवश्यक रूप से सौंपे।

धन्यवाद,

जय हिन्द।